हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने बनाये 2500 से अधिक ग्रीटिंग

मण्डला। सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा मण्डला जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण उर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, भारतीय सेना सौर्य, भारतीय लोक कलाएँ, मेरे सपनो का भारत, साईबर सुरक्षा, भारतीय ज्ञान परम्परा, डिजिटल सारक्षता एवं कृषि की उन्नत तकनीक जैसे विषयों पर रंग बिरंगी ग्रीटिंग का निर्माण किया । ये ग्रीटिंग्स सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार तैयार किये गये है। प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला द्वारा 658, शासकीय महाविद्यालय भुआ बिछिया 468, शासकीय महाविद्यालय नैनपुर 300, शासकीय महाविद्यालय बम्हनी बंजर 227, शासकीय महाविद्यालय निवास 225, शासकीय कन्या महाविद्यालय मण्डला 225, शासकीय महाविद्यालय मवई 125, शासकीय महाविद्यालय नारायणगंज 50, शासकीय महाविद्यालय अंजनिया 8, विंध्य शिक्षा समिति एवं सदार पटेल महाविद्यालय द्वारा 218 आर्कषक ग्रीटिंग्स का निर्माण किया गया। समस्त ग्रीटिंगस का संकलन कर संभागीय कार्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग भोपाल को प्रेषित किया गया। सर्वोत्तम ग्रीटिंग्स को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगाा।

भारत ज्योति व ज्ञानदीप और मोंटफोर्ट व एक्सीलेंस के बीच होगा सेमीफाइनल

फुटबॉल प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल आज





*** अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला के संयुक्त तत्वाधान में अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के सातवें दिन बुधवार को प्रतियोगिता के अंतर्गत लीग गेम के अंतिम मैच खेले गए। पहला मैच नेहरू शाला महाराजपुर व एक्सीलेंस स्कूल के बीच खेला गया। एक्सीलेंस स्कूल ने कुणाल के 3, कृष्णा के 2 व सुरजीत के 1 गोल की मदद से नेहरू शाला को 6/0 से मात देते हुए प्रतियोगिता में अपराजय रहने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा। दूसरा मैच भारत ज्योति विद्यालय और क्रमांक 2 के मध्य खेला गया। इस मैच में भारत ज्योति ने क्रमांक 2 को एक के मुकाबले दो गोल से मात दी। भारत ज्योति की तरफ से शुभम धुर्वे ने 2 और क्रमांक 2 की तरफ से हिमांशु बत्ते ने 1 गोल किया। 15 अक्टूबर, गुरुवार को प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जायेगे। पहला मैच दोपहर 2 बजे भारत ज्योति स्कूल व ज्ञानदीप स्कूल और दूसरा सेमीफाइनल दोपहर 3:30 बजे मोंटफोर्ट स्कूल व एक्सीलेंस स्कूल के बीच खेला जायेगा। जिला फुटबाल संघके सचिव पंकज उसराठे ने सभी फुटबॉल प्रेमियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।

इस दौरान जिला हॉकी संघ के सचिव सैयद कमर अली, वरिष्ठ खिलाडी पुरषोत्तम उसराठे, जिला फुटबाल संघ के संरक्षक डॉ. दिलीप शर्मा, अनिल सोनी, अनूप बासल, चंद्रेश खरे, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष राजेश पाठक, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, कुश्ती संघ के सचिव संदीप कुछवाह, कीड़ा भारती के अध्यक्ष योगेश कुछवाह, कराते संघ के सचिव त्रिलोक डोंगरी, शशांक मिश्रा, बिलाल अहमद खान, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, मतीन खान, समीर बाजपाई, सैयद सिकंदर अली, डॉ. आकाश खत्री, सोना दुबे, जनजाति कल्याण विभाग के जिला क्रीड़ा आधिकारि मंगल पन्द्रो, शिक्षक संजू वर्मा, विवेक मिश्रा, पार्षद नरेश सिंधिया , पार्षद सुधीर मिश्रा उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सचिव पंकज उसराठे, अभिषेक यादव, प्रथम चौकसे, रमन चौरसिया, ऋषि राय, योगेश चौरसिया, मिनी सिंह, अविनाश पापलर जैन, सुरजीत नायर कुट्टन, देवेंद्र सरोते, गंगा कुंजाम, प्रथम चौकसे, अतुल चौचाम, संतोष धुर्वे, लक्षय मरावी उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन



निर्वाचक नामावली में पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मंडला के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 107-मंडला (अ.ज.जा.) के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री शैलेंद्र चौधरी, आईएएस की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्वाचक नामावली में नवीन एवं पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से निर्धारित प्रारूप एकत्रित करने तथा बूथ लेवल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल कराने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए।

शक्ति से सृजन कार्यक्रम अंतर्गत वृक्ष पूजन एवं वृक्षारोपण संपन्न



मण्डला। म.प्र. जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार विकासखंड मंडला में जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन के नेतृत्व में नवांकुर संस्था आदिवासी बैगा विकास समिति द्वारा सरदार पटेल वार्ड के ईडन गार्डन में शक्ति से सृजन कार्यक्रम के तहत वृक्ष पूजन एवं वृक्षारोपण किया गया। विकासखंड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया ने कहा कि नवांकुर सखी प्रकृति-संस्कृति संरक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण एवं संस्कृति का संरक्षण करना है। संस्था अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री बडगैंया ने प्रत्येक परिवार से एक महिला को नवांकुर सखी के रूप में जोड़ने पर जोर दिया। परामर्शदाता श्रीमती रागिनी हरदहा ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्रीमती मधु मिश्रा, श्रीमती ज्योति चौकसे, श्रीमती पुष्पा उपाध्याय, श्रीमती शशि कोरचे, श्रीमती संध्या कांड्रा एवं बीएसडब्ल्यू-एमएसडब्ल्यू की छात्राएं उपस्थित रहीं।

सड़क तक लग रही दुकानें, आवागमन अब हो तो कैसें?

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





नवरात्र पर्व के चलते अब सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देने लगी है बढ़ती भीड़ के चलते व्यवस्थित यातायात न केवल प्रशासन के लिये एक चुनौति है बल्कि अव्यवस्थित यातायात लोगों को न केवल परेशान करता है बल्कि अनावश्यक समय को भी बर्बाद करता है।

किसी विशेष परिस्थिति के चलते यदि यातायात अवरूद्ध हो रहा हो तो माना जा सकता है लेकिन जानबूझकर की जा रही गलती के कारण यदि लोगों को और आसपास के दुकानदारों को समस्याओं का सामना करना पड़े तो फिर इसे अपराध की ही श्रेणी में लिया जाना चाहिये।

हम नेहरू स्मारक से लेकर बैगा-बैगी चौक के बीच की स्थिति की चर्चा कर रहे हैं इन दोनों महत्वपूर्ण चौराहों के बीच दो ऐसी दुकानें हैं जो अस्थाई दुकानों की श्रेणी में आती हैं और इन दुकानों में प्लास्टिक के उत्पादों की बहुतायत रहती है इसके अलावा और भी विभिन्न तरह के उत्पाद हैं जिन्हें लोगों को दिखाने के लिये बाहर ही रखा जाता है अब स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि ये सामान धीरे-धीरे सड़क के किनारे तक आ गये हैं अब जब सड़क तक दुकानों का सामान ही रखा रहेगा तो फिर जो ग्राहक इन दुकानों में आयेगा उसके वाहन कहां खड़े होंगे। अब मजबूरन ग्राहक अपने वाहन बगल की दुकानों के सामने खड़े कर रहे हैं इससे अनावश्यक दूसरे दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है इस मार्ग में बैंक भी हैं जहां बैंकों के सामने इनके ग्राहकों एवं इनके कर्मचारियों के वाहन खड़े रहे हैं लिहाजा वाहनों की भीड़ से भी लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। आज से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सड़कों पर उमड़ने वाली है और यह स्थान ऐसा है जहां सभी तरफ के श्रद्धालु आते हैं अब दुकानदारों की इस अनदेखी के चलते यदि परेशानी बढ़ती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

बबेहा पुल पर हाईवा पलटा, वाहन में फंसा ड्राइवर



मण्डला। मण्डला-जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर बबेहा पुल पर मंगलवार रात एक हाईवा पलट गया। हादसे में चालक वाहन के अंदर फंस गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। गंभीर हालत में चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद पुल पर बड़े वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। जानकारी के मुताबिक, हाईवा मरम्मत के लिए जबलपुर गया था। खाली लौटते समय बबेहा पुल पर वह पलट गया। हादसे के बाद चालक वाहन के अंदर फंस गया था। पुलिस और स्थानीय लोगों ने प्रयास कर उसे बाहर निकाला। दुर्घटना के बाद पुल पर यातायात प्रभावित हुआ है। फिलहाल बड़े वाहन पुल से नहीं निकल पा रहे हैं, जबकि छोटे चारपहिया वाहनों की आवाजाही जारी है। पलटे हुए हाईवा को हटाने के लिए क्रेन बुलाई गई है। वाहन हटने के बाद बड़े वाहनों की आवाजाही सामान्य होने की उम्मीद है।

सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को वितरित की गई शिक्षण सामग्री और स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत शनिवार को कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, घुघरी में 'सेवा मेरा योगदान (सेवा संकल्प अभियान)' के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री, स्कूल बैग एवं अन्य उपयोगी उपहार वितरित किए गए।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सिहारेलाल करचाम, सांसद प्रतिनिधि दिव्येश तिवारी (पंकज), भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे, भाजपा मंडल मंत्री मणिकांत चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद साहू, अवधेश चौरसिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल.एस. उइके, बीआरसी घुघरी हर्ष ज्योतिषी तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दुलारी सैयाम सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, छात्रावास अधीक्षक एवं विद्यार्थियों के पालक उपस्थित रहे।

सांसद प्रतिनिधि ने दी महाविद्यालय की सौगात की जानकारी

कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि दिव्येश तिवारी ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि मंडला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते के सार्थक प्रयासों से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा घुघरी एवं मोहगांव विकासखंडों में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई है।

इस घोषणा की जानकारी मिलने पर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने तालियां बजाकर माननीय सांसद डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस सौगात को क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया।

आत्मनिर्भर भारत और शिक्षा पर दिया जोर

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का उल्लेख किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री, स्कूल बैग एवं अन्य उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और सेवा, सहयोग तथा सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना रहा।

शिक्षकों के सहयोग से सफल हुआ आयोजन

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक यादव ने किया। आयोजन में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्यामसुंदर अग्रवाल, सुनील झारिया एवं अभिलाषा पाठक का विशेष सहयोग रहा। अंत में संस्था की प्राचार्या श्रीमती दुलारी सैयाम ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, पालकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सेवा और शिक्षा के संदेश के साथ आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन तथा घुघरी क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय पहल रहा।

आयोजन | **मंडला कॉलेज में 'इन्फ्लुएंसर एक्सचेंज प्रोग्राम' का हुआ आयोजन।**

सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जागरूकता का दिया संदेश

*** राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए किया प्रेरित।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंडला में आज सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'इन्फ्लुएंसर एक्सचेंज प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा सोशल मीडिया क्रिएटर्स, विद्यार्थियों एवं स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों को जोड़कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, शैक्षणिक विकास तथा विकसित भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टी. पी. मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. बी. एल. झारिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की गतिविधियों को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं संबंधित सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. पी. भवरे, डॉ. अंकिता विसने, डॉ. मुकेश आर्मो डॉ. दशरथ सिंह मार्को, डॉ. के. एल. धुर्वे, डॉ. काशी राम परते, डॉ. संध्या डेहरिया श्री जयंत कछवाहा एवं श्री आशुतोष पटेल, के नाम भी शामिल हैं।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं कंटेंट क्रिएटर्स यश कुमार बाजपेई, खुशी डहेरिया, सुरंजना पटेल एवं मिली ने सक्रिय सहभागिता की। इन विद्यार्थियों ने वीडियो एवं अन्य डिजिटल सामग्री तैयार करके सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश प्रसारित किया। उनके द्वारा बनाए गए वीडियो का उद्देश्य लोगों तक उपयोगी जानकारी पहुँचाना, युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना तथा सोशल मीडिया का समाजहित में प्रभावी उपयोग करना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलावों, शैक्षणिक अधोसंरचना तथा विकसित भारत की संकल्पना जैसे विषयों पर रील्स, शॉर्ट वीडियो, पोस्टर, नवाचारपूर्ण फोटोग्राफ एवं अन्य डिजिटल कंटेंट तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल माध्यमों की व्यापक पहुँच का उपयोग करके आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और सरकारी योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से जन-जन तक पहुँचाना है।

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, जनभागीदारी और सकारात्मक परिवर्तन का एक प्रभावशाली माध्यम भी है। इसी सोच के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उपयोग समाजहित में करने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय की यह पहल युवाओं की डिजिटल प्रतिभा को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने और सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जागरूक युवा, सकारात्मक डिजिटल सामग्री और सामूहिक प्रयास समाज में सार्थक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



गाडरवारा। पानी टंकी के पास स्थापित। पलोटन गंज में स्थापित प्रतिमा । यशोदा नगर में स्थापित प्रतिमा। चावडी चौक पर स्थापित प्रतिमा। हृदय स्थल झंडाचौक पर स्थापित प्रतिमा। शिवालय चौक पर स्थापित प्रतिमा ।

खबर संक्षेप

नगर परिषद द्वारा सड़कों पर घूमने वाले पशुओं को पहुंचाया गौशाला



हरिभूमि न्यूज/चीचली। चल रहे नवरात्र पर्व के दौरान शहर की सड़को पर घुमने वाले पशुओं के चलते जहां देवी दर्शन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता था तो दूसरी ओर आमजन भी इन पशुओं के चलते अनेक मुश्बितो का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे थें। इस तरह आमजन को परेशानियों से निजात दिलाने की सोच के चलते मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकास बाघमारे के मार्ग दर्शन में नगर परिषद चीचली टीम द्वारा इस तरह सड़को पर बगैर धनीधोरी के घूमने वाले पशुओं को ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से समीपस्थ ग्राम गोलगांव गौशाला पहुंचाते हुये उन्हें चारा की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। इस तरह नगर परिषद चीचली की इस पहल की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है।

गांव की सड़कों पर बह रहा नालियों का गंदा पानी, देवी दर्शन करने वालों का निकलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सकरार द्वारा ग्राम विकास से लेकर स्वच्छता के नाम पर हर पंचायत के लिये मनमानी राशि प्रदान किये जाने के बाद भी यदि गांवों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वहां की मुख्य सड़को पर फैलने वाली गंदगी निश्चित तौर से ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो से लेकर स्वच्छता के नाम पर की जाने वाली धनराशि की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आमगांव छोटा सहित अन्य ग्राम पंचायतों की देखने मिल रही है जहां पर नालियों की गंदा पानी मुख्य सड़क पर बहते हुये दिखाई पड़ रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गांव की इस सड़क पर सिर्फ इसी गांव का ही नही बल्कि ग्राम कामती की नालियों का पानी भी आने के कारण गांव की मुख्य सड़क बारह माह नाले के रूप में दिखाई देने से नही चूक पाती है। मगर इसके बाद भी पंचायत द्वारा लोगों के घरों से निकलने वाले इस गंदे पानी के लिये किसी भी प्रकार के उचित प्रबंध नही किये जाने के कारण जहां पंचायत के विकास कार्यो की सच्चाई उजागर होते हुये जान पड़ रही तो दूसरी ओर संपूर्ण गांव में फैल रही गंदगी के चलते केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जाने वाले स्वच्छता अभियान पर भी खुलेआम ग्रहण लगाते हुये दिखाई दे रहा है। इस प्रकार से ग्राम पंचायत आमगांव छोटा में मुख्य मार्ग पर बह रहे नालियों के गंदे पानी के चलते इस समय चल रहे नवरात्र के दौरान सबसे अधिक परेशानी उन महिलाओं सहित गांव के लोगों को हो रही है जो माता रानी की पूजन व जल ढारने के लिये अपने घरों से नहा धोकर तो निकलते है मगर उन्हें इसी गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है जिसके चलते निश्चित ही उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर गांव में अनेक प्रकार की बीमारियाँ भी जन्म लेते हुये जान पड़ रही है। इस प्रकार से नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़क पर बीते हुये कई वर्षो से बहते हुये देखा जा रहा है, मगर इसके बाद भी पंचायत द्वारा इसको लेकर आज तक कोई उचित प्रबंध करना जरूरी नही समझा गया है।

नवरात्र पर्व के चौथे दिवस भक्तों ने की माँ कूष्माण्डा का पूजन, आज पंचमी के मौके पर देवी दर्शनों के लिये उमड़ने वाली भीड़ के चलते वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध











हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। माँ जगत जननी अम्बे जी की आराधना का पर्व शारदेय नवरात्र निश्चित तौर से चारो ओर खुशियाली फैलाने वाला होता है। इसी के चलते इस समय शहरों से लेकर गांव गांव धार्मिक आयोजनों की धूम मची हुई देखने मिल रही है। इस तरह गुरूवार को नवरात्र के चौथें दिवस भक्तों ने कूष्माण्डा देवी की आराधना करते हुये विधि विधान के साथ पूजन किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष एक तिथि दो दिन होने के चलते नवरात्री की चौथ कल गुरूवार व आज शुक्रवार को मनाई जावेगी। इस तरह नवरात्र पर्व 10 दिन को होने के चलते लोगों में अलग ही उत्साह देखने मिल रहा है। क्योंकि नगर में नवरात्र के अवसर पर पंडालों में स्थापित होने के लिये जब मातारानी की प्रतिमाओं को लाया जा रहा था तो नगरवासियों द्वारा जहां तहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इस तरह नवरात्र दस दिन का होने के चलते काफी शुभकारी बताया जा रहा है। इस प्रकार से नवरात्र के दौरान नगर के देवी मंदिरों में जल ढारने वाली महिलाओं की सुबह से भीड़ देखने मिल रही है तो दूसरी ओर शाम के वक्त महिलाये मातारानी के लिये दीप अर्पित करते हुये पहुंच रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि अनेक जगहों पर देवी भक्तों द्वारा कन्य भोज के आयोजन किये जा रहे है। नगर के कौड़िया रोड़ स्थित माँ विजयवासनी देवी दरवार में हर साल की भांति माँ के भक्त सुनील ठाकुर द्वारा प्रतिदिन देवी स्वरूपा कन्याओं को पूजन करते हुये भोज कराते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर रात के समय शहर की सड़को पर मातारानी की दर्शन करने के लिये शहर की सड़को पर लोगों की भीड़ उमड़ने की शुरूआत हो चुकी है। वही आज पंचमी के अवसर से और बढ़ोत्तरी देखने मिलेगी। सही मायने में कहा जावे तो आज पंचमी के मौके पर सड़को पर देवी दर्शन करने वालों भक्तों का हुजूम उमड़ने से नही चूकेगा। इसी के चलते नवरात्र पूर्व नगर के पुलिस थाने में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार आज रात से नगर की सड़को पर देवी दर्शन के दौरान सभी प्रकार के वाहनों को प्रतिबंधित किया जावेगा। मगर दूसरी ओर देखा जा रहा है कि भक्तों के बीच घुमने वाले आवारा कुत्ता सहित पशुओं द्वारा दहशत फैलाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस तरह कल बुधवार को नवरात्र के चौथें दिवस लोगों ने माँ कूष्माण्डा का पूजन किया गया। बताया जाता है कि कुष्मांडा देवी की उत्पत्ति तब हुई जब सृष्टि का कोई अस्तित्व नहीं था और चारों ओर केवल अंधकार छाया हुआ था। देवी कूष्मांडा ने अपनी मंद मुस्कान से इस अंधकारमय शून्यता में 'ब्रह्मांडीय अंडे' या 'अंड' की रचना की, जिससे ब्रह्मांड का सृजन हुआ। इसलिए, उन्हें ब्रह्मांड का सृजनकर्ता और आदि शक्ति माना जाता है। माँ कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। माँ कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाए तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है। विधि-विधान से माँ के भक्ति-मार्ग पर कुछ ही कदम आगे बढ़ने पर भक्त साधक को उनकी कृपा का सूक्ष्म अनुभव होने लगता है। यह दुःख स्वरूप संसार उसके लिए अत्यंत सुखद और सुगम बन जाता है। माँ की उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतारने के लिए सर्वाधिक सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। माँ कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधियों-व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। अतः अपनी लौकिक, पारलौकिक उन्नति चाहने वालों को इनकी उपासना में सदैव तत्पर रहना चाहिए। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषतहास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं होती हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं। इसलिए इस देवी को कुष्मांडा। इस देवी का वास सूर्यमंडल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कांति और प्रभा सूर्य की भांति ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। अचंचल और पवित्र मन से नवरात्रि के चौथे दिन इस देवी की पूजा-आराधना करना चाहिए। इससे भक्तों के रोगों और शोकों का नाश होता है तथा उसे आयु, यश, बल और आरोग्य प्राप्त होता है। ये देवी अत्यल्प सेवा और भक्ति से ही प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं। सच्चे मन से पूजा करने वाले को सुगमता से परम पद प्राप्त होता है।



भारत को जानो प्रतियोगिता का प्रथम चरण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भारत विकास परिषद जो पूरे भारत में अपनी शाखाओं के माध्यम से संस्कारित सेवा गतिविधियों के लिये विशिष्ट लोकप्रिय पहचान रखता है। परिषद की नगर शाखा द्वारा बीते बुधवार को शासकीय माध्यमिक शाला सांगई, बगदरा, चिरहकला, खकरिया एवं अशासकीय चित्रगुप्त विद्यापीठ सहित अन्य स्कूलों में छात्र छात्राओं के बीच अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता में प्रथम चरण अंतर्गत कनिष्ठ वर्ग की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष मधुसूदन पटैल ने बताया कि इस परीक्षा में सांगई से 37, बगदरा से 30, चिरहकला से 10, खकरिया से 16 एवं चित्रगुप्त स्कूल से 22 सहित कुल 115 छात्र-छात्राएं इसमें सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में भारत विकास परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तक भारत को जानो से भारत के धर्म, संस्कृति, महापुरुष, इतिहास, भूगोल, विज्ञान आदि से संबंधित सामान्य ज्ञान के 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर छात्र छात्राओं ने लिखे। शाला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को भारत विकास परिषद द्वारा सम्मानित किया जायेगा। जल्द द्वितीय चरण की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। परीक्षा के आयोजन में प्रधान पाठक धनराज सिंह धानक, दशरथ जाटव, मदन गोपाल चौधरी सहित सचिव राजेंद्र गुप्ता, पोषराज मेहरा, सचिन लहरिया, आर के शर्मा, मनीषा खरे श्रद्धा राजपूत, सबीना कीर, चंद्रभूषण नामदेव, संगीता कौरव आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

नपा टीम द्वारा इंदिरा काम्पलेक्स के बकायेदारों की दुकानों पर की गई तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय नगर पालिका द्वारा शहर में अलग अलग जगहों पर काम्पलेक्सों का निर्माण कराते हुये उन्हें निर्धारित शर्तो पर किराये पर लोगों को प्रदान किये गये है। मगर देखा जा रहा है कि इन काम्लेक्सों की दुकानों के संचालको द्वारा जिस तरह नियमों को अनदेखी करते हुये जहां खुद ही किराये से चलाते हुये मनमाना किराये बसूलने में पीछे नही है। मगर नगर पालिका में किराये की राशि जमा नही किये जाने के चलते नपा को राजस्व की हानी होने से नही चूक रही है..? जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि नगर पालिका द्वारा काम्लेक्सों के माध्यम से प्रदान की गई दुकानों का न तो वह हितग्राही उसे अन्य दूसरे व्यक्ति को किराये पर दे सकता है और न ही उसमें किसी तरह की तोड़फोड करते हुये मूल स्वरूप में बदलाव कर सकता है। मगर नगर के काम्लेक्सों का हाल इस तरह बना हुआ देखा जा रहा है कि खुलेआम यह लोग नगर पालिका की इन दुकानों को किरायेदार टू किरायदार पर चलाते हुये मनमानी राशि बसूलने में पीछे नही रह रहे है। वही दूसरी ओर दुकानों में अपने मन के मुताबिक तोड़फोड करते हुये उनके मूल स्वरूप को पूर्णरूप से



गायब कर दिया गया है। इतना ही नही यदि काम्लेक्सों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो काम्लेक्सों के सामने जिस तरह लोगों को आने जाने के लिये जो रास्ता छोड़ा गया था उस पर भी इन दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अपना निर्माण करते हुये कब्जा जमाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इस बात की सच्चाई नगर के पानी टंकी के पास आसानी से देखी जा सकता है। नपा द्वारा किराये से प्रदान की गई दुकानदारों द्वारा खुलेआम अपनी दुकानों के सामने पक्का निर्माण करते हुये जिस तरह से कब्जा जमाया गया है उसके चलते लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करने से नही चूक रहे है। मगर इस ओर नपा द्वारा ध्यान नही दिये जाने के चलते इनके हौसले लगातार बुलंद होने से नही चूक रहे है। वही इन दुकानों का निर्धारित समय पर किराये जमा करने की सच्चाई देखी जावे तो अनेक दुकानदारों का लाखों रूपया बकाया निकलने से नही चूक रहा है..? इसी के चलते बीते हुये दिवस मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा के आदेश पर नगर पालिका परिषद सहायक यंत्री सत्यम जाट, राजस्व उप निरीक्षक अमित कोष्टी, शहजाद बक्स, सहायक राजस्व निरीक्षक राकेश पटेल, आनंद कौरव के द्वारा नगर के इंदिरा कंपलेक्स में स्थित दुकानों के बकायदाओं पर तालाबंदी की कार्यवाही करते हुए करीब 550000 की राजस्व वसूली की गई। इस मौके पर सभी दुकानदारों को समझाएं दी गई की वह समय पर अपना किराया नगर पालिका में जमा करें ताकि ऐसी कार्रवाई करने की नौबत ना आ सके। नगर पालिका मुख्य अधिकारी ऋतु मेहरा द्वारा समस्त शहर के बकायेदारों से अपेक्षा जताई गई है की वह अपनी राशि समय रहते हुये जमा करे, क्योंकि यह कार्रवाई लगातार चलाई जा रही है अपनी बकाया राशि स्वयं नगर पालिका में जमा करें ताकि तालाबंदी की कार्रवाई ना करना पड़े।

ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही मनामनी बिजली कटौती को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ द्वारा बीते हुये दिवस बिजली कटौती को लेकर संकेतिक द्वारा चकाजाम सहित विरोध प्रदर्शन करते हुये बिजली अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि बीते हुये सात दिवस से हमारे गाडरवारा क्षेत्र के ग्रामीण व कृषि क्षेत्र में लगातार लोड रिलीफ के नाम पर हर दिन रात में जरूरी समय पर बिजली काटी जा रही है जिसके चलते बुजुर्ग एवं बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर कृषि कार्य भी प्रभावित होने से नही चूक रहे है। यदि इस तरह मनमानी तौर से की जा रही बिजली कटौती पर अंकुश नही लगया तो हम किसानों को उग्र रूप धारण करते हुये आंदोलन जैसे कदम उठाने मजबूर होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। इस दौरान भारी मात्रा में किसान मौजूद थें।

नगर पालिका गाडरवारा की अनोखी पहल, मंदिरों के चढ़ावे और रसोई के कचरे से बनाई जा रही जैविक खाद

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभिनव पहल की जा रही है। नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिरों एवं दुर्गा जी के पंडालों से निकलने वाले फूल-मालाओं तथा सब्जियों के अवशेषों के संग्रहण के लिए प्रतिदिन अलग से वाहन की व्यवस्था की गई है। इस पहल के तहत मंदिरों से प्राप्त चढ़ावे के फूल-मालाओं, बची हुई सब्जियों तथा रसोई के जैविक कचरे का उपयोग कर जैविक खाद (ऑर्गेनिक कम्पोस्ट) तैयार की जा रही है। इससे जैविक कचरे का उचित प्रबंधन होने के साथ ही उपयोगी खाद का उत्पादन भी किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद गाडरवारा के द्वारा इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए आगामी दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए हर्बल रंग के रंगोली तैयार करने की भी तैयारी की जा रही है। इस प्रयास का उद्देश्य अपशिष्ट सामग्री का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देना तथा स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करना है।





नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई, जिला दंडाधिकारी जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। वायु मंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र के लिए नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने के लिए जिला दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जन सामान्य को बाधा, क्षति, मानव जीवन स्वास्थ्य, क्षेम के खतरे के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए खेत में खड़ी फसलों के डंठलों (नरवाई) एवं फसल अवशेषों में आग लगाए जाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नरवाई में आग लगाने से भूमि में मौजूद माइक्रोब्ज की क्षति होती है। साथ ही यह पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनाएं घटित हुई हैं तथा व्यापक संपत्ति की हानि कारित हुई है। ग्रीष्म ऋतु में इससे जल संकट में बढ़ोत्तरी तो होती ही है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था के लिए भी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती है। मप्र शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत जारी अधिसूचना और प्रावधानों के अनुपालन के लिए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिसूचित किया गया है। मप्र में वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत नरवाई जलाना तत्समय से तत्काल प्रतिबंधित किया गया है, जो वर्तमान में निरंतर है। पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना अंतर्गत नरवाई में आग लगाने वालों के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। दो एकड़ तक के कृषकों को 2500 रुपये, दो से 5 एकड़ तक के कृषकों को 5 हजार रुपये और 5 एकड़ से बड़े कृषकों को 15 हजार रुपये पति घटना के आधार पर दंड का प्रावधान है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने अवगत कराया है कि जिले की राजस्व सीमा में फसल कटाई के पश्चात आगामी फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए बहुसंख्यक किसानों के द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर फसल कटाने के उपरांत भूमि में जड़ व डूढ (नरवाई) को नष्ट कर खेत साफ किया जाता है, जिससे व्यापक अग्नि दुर्घटनाएं होकर जन-धन की हानि होती है। इससे नरवाई में आग लगाने की प्रथा के नाम से भी जाना जाता है। इस पर जिला दंडाधिकारी श्रीमती सिंह ने उक्त प्रतिबंध आदेश जारी किया है।

खबर संक्षेप

रेंजर पर वन समिति के अध्यक्ष से 3.44 लाख रुपये लेने का आरोप, डीएफओ से शिकायत

डिंडौरी। पूर्व करंजिया वन परिक्षेत्र की रेंजर पर वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष से कथित तौर पर 3 लाख 44 हजार रुपये लेने का गंभीर आरोप लगा है। मामले को लेकर बुधवार को पांच वन सुरक्षा समितियों के सदस्य जिला मुख्यालय पहुंचे और डीएफओ अशोक कुमार सोलंकी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। डीएफओ ने मामले की जांच कर 10 दिन के भीतर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं, शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर वे धरना-प्रदर्शन करेंगे। दूसरी ओर, रेंजर ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि संबंधित गांव में बिना अनुमति हो रहे निर्माण कार्यों को रोकने के कारण उनके खिलाफ शिकायत की जा रही है।जगतपुर वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह करचाम ने शिकायत में आरोप लगाया कि मेन रोड से कपोटी टोला तक सीसी सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति मिली थी। उनके अनुसार, निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत 4 लाख 66 हजार रुपये थी। समिति द्वारा राशि निकालकर सड़क निर्माण और मजदूरों के भुगतान में खर्च किया गया था।मोहन सिंह करचाम का आरोप है कि 12 अक्टूबर को मजदूरों को भुगतान करने के बाद रेंजर ने वनरक्षक चरण सिंह के माध्यम से उन्हें रेस्ट हाउस बुलवाया। वहां कमरे में बंद कर उनसे शेष राशि के संबंध में पूछताछ की गई और दबाव बनाकर कथित तौर पर 3 लाख 44 हजार रुपये नकद ले लिए गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को खर्च का हिसाब देना होता है, इस बात से अवगत कराने के बावजूद उनसे राशि ले ली गई।हालांकि, रुपये लेने संबंधी इन आरोपों की पुष्टि मामले में विभागीय जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

अभद्र टिप्पणी से आदिवासी समाज में नाराजगी, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी। आदिवासी समाज के पारंपरिक अभिवादन 'जय जोहार' को लेकर कथित अभद्र भाषा के प्रयोग का मामला सामने आने के बाद सर्व आदिवासी समाज जिला डिंडौरी ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। समाज की ओर से बुधवार को राज्यपाल के नाम जिला दंडाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत कर भोपाल के मिसरोद थाने में पदस्थ पुलिस निरीक्षक रतन सिंह परिहार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि आदिवासी युवकों द्वारा 'जय जोहार' का उद्घोष किए जाने पर निरीक्षक रतन सिंह परिहार ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। समाज का कहना है कि 'जय जोहार' महज अभिवादन का शब्द नहीं, बल्कि आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक एकजुटता और पारंपरिक सम्मान का प्रतीक है। ऐसे शब्द के प्रति कथित अपमानजनक व्यवहार से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं।

नशा और मांसाहार से मुक्त समाज का निर्माण संगठन का लक्ष्य

डिंडौरी। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में नवरात्र के अवसर पर माता आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा की महाआरती एवं चिंतन कार्यक्रम आयोजित किया गया। परम पूज्य योगिराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में आध्यात्मिक साधना, नशामुक्ति और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन शक्तिजल एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।कार्यक्रम के दौरान गुरुवर के जयकारों और माता की अर्चना के साथ महाआरती संपन्न हुई। अर्चना राजपूत और लक्ष्मी मसराम ने जयकारे लगाए।

केंद्रीय दल ने डिंडौरी में वीबी-जी राम जी योजना के कार्यों का किया निरीक्षण





डिंडौरी। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता और योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लेने के लिए भारत सरकार के केंद्रीय दल ने 12 से 14 अक्टूबर तक डिंडौरी जिले का भ्रमण किया। इस दौरान दल ने विभिन्न विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण एवं आजीविका संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यों की गुणवत्ता, हितग्राहियों की सहभागिता और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया।केंद्रीय दल में सहायक आयुक्त सुश्री दीक्षा सुप्याल बिष्ट और परियोजना अधिकारी सुश्री रेखा पी.एस. शामिल रहीं। वहीं, प्रदेश स्तर से वीबी-जी राम जी विकास आयुक्त कार्यालय, भोपाल के कार्यपालन यंत्री श्री अनुग्रह सिंह तथा सहायक लेखाधिकारी श्री यशवंत मिस्त्री भी भ्रमण के दौरान मौजूद रहे। भ्रमण के पहले दिन कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत जिले में संचालित निर्माण कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक के बाद केंद्रीय दल ने विकासखंड डिंडौरी की ग्राम पंचायत घानाघाट पहुंचकर कंटूर ट्रेंच, गली प्लग, गैवियन, खेत तालाब, वसुधा वंदन और कोदो-कुटकी प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया।इसके बाद ग्राम पंचायत औरई के ग्राम धौरई में 'एक बगिया मां के नाम' पहल के अंतर्गत हितग्राही श्रीमती पंचवती धूमकेती द्वारा किए जा रहे पौधरोपण एवं पौधों के संरक्षण संबंधी कार्यों की जानकारी ली गई। चर्चा के दौरान हितग्राही ने बताया कि उन्होंने अपनी रुचि से पौधों और पोल फेंसिंग की व्यवस्था की है। जनपद स्तर के अधिकारियों के मार्गदर्शन में पौधों की देखरेख और सुरक्षा की जा रही है। केंद्रीय दल ने कार्य की गुणवत्ता और हितग्राही की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। 13 अक्टूबर को निरीक्षण दल ने विकासखंड डिंडौरी की ग्राम पंचायत हिनौता माल में कंटूर ट्रेंच, बोल्डर चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), नंदन फलोद्यान और कपिलधारा कूप के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रमिकों से भी बातचीत कर योजना के क्रियान्वयन और कार्यों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।इसके बाद विकासखंड बजाग की ग्राम पंचायत बरगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और कंटूर ट्रेंच के कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का अवलोकन किया गया।दौरे के दूसरे दिन केंद्रीय दल विकासखंड करंजिया की ग्राम पंचायत पाटनगढ़ भी पहुंचा। यहां दल ने गोंडी चित्रकला का अवलोकन किया और स्थानीय कलाकारों की पारंपरिक कला की सराहना की। पाटनगढ़ की कला एवं सांस्कृतिक पहचान से जुड़े इस पड़ाव ने ग्रामीण क्षेत्र की रचनात्मक प्रतिभा और स्थानीय कला परंपरा को सामने रखा। भ्रमण के अंतिम दिन 14 अक्टूबर को केंद्रीय दल ने विकासखंड बजाग की ग्राम पंचायत चांड़ा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों और बोल्डर चेक के कार्यों का निरीक्षण किया। दल ने मौके पर चल रहे कार्यों की प्रगति और निर्माण की गुणवत्ता का जायजा लिया। अधिकारियों ने यहां संचालित कार्यों की सराहना करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया।तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान केंद्रीय दल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल एवं मृदा संरक्षण, ग्रामीण आवास, फलोद्यान, कृषि प्रसंस्करण और अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही हितग्राहियों और श्रमिकों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।इस निरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और योजनाओं से जुड़ी गतिविधियों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना रहा। विभिन्न ग्राम पंचायतों में किए गए निरीक्षण से ग्रामीण विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई और स्थानीय स्तर पर हितग्राहियों की भागीदारी को भी महत्व दिया गया।

सरसवाही पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप, हटाने की मांग लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंची शिकायत



शहपुरा। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसवाही के पंचायत सचिव विजय कुशराम के खिलाफ सरपंच ने विभिन्न अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत आवेदन प्रस्तुत कर सचिव को पद से हटाने की मांग की गई। शिकायत में मजदूरी भुगतान में देरी, पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची का लाभ नहीं मिलने, ग्रामसभा आयोजित नहीं करने और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर कथित रूप से राशि मांगने सहित कई गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।शिकायतकर्ता के अनुसार, पंचायत क्षेत्र में मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इससे श्रमिकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि भुगतान में देरी के चलते कुछ मजदूर रोजगार की तलाश में अन्य स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। शिकायत में मजदूरी भुगतान की स्थिति की जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है।

पात्र परिवारों को खाद्यान्न पर्ची नहीं मिलने का आरोप

शिकायत में यह भी कहा गया है कि निःशुल्क खाद्यान्न योजना के पात्र हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने के बावजूद उनके नाम खाद्यान्न पर्ची में शामिल नहीं किए जा रहे हैं। इसके कारण जरूरतमंद परिवारों को शासकीय योजना का लाभ मिलने में परेशानी होने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने संबंधित आवेदनों की जांच कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।आवेदन के मुताबिक, 15 अगस्त 2026 को ग्रामसभा आयोजित की जानी थी, लेकिन सरसवाही माल, कांपा, पहरुवा माल और रैयत में ग्रामसभा नहीं कराए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ग्रामसभा आयोजित नहीं होने से ग्रामीण पंचायत के कार्यों, शासकीय योजनाओं और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा एवं जानकारी प्राप्त करने के अवसर से वंचित रहे। इस मामले में भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

पंचायत सचिव पर शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर हितग्राहियों से कथित रूप से पैसे मांगने का आरोप भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि राशि नहीं देने पर सर्वे नहीं होने का हवाला देकर संबंधित कार्यों में देरी की जाती है। हालांकि, इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और मामले में जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।शिकायत आवेदन में उल्लेख किया गया है कि पंचायत सचिव विजय कुशराम करीब 15 वर्षों से पंचायत में पदस्थ हैं। शिकायतकर्ता ने इतने लंबे समय से पदस्थ रहने के बावजूद पंचायत संबंधी कार्यों में कथित लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की है। इसके अलावा, समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ने की शिकायत भी की गई है।शिकायतकर्ता ने मामले को गंभीर बताते हुए आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत शहपुरा को भेजी है। आवेदन में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने, जिम्मेदारी तय करने और दोषी पाए जाने पर संबंधित सचिव के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।



शहपुरा महाविद्यालय में साइबर और सड़क सुरक्षा पर संगोष्ठी आयोजित

शहपुरा। शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा में बुधवार, 14 अक्टूबर 2026 को साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी से बचाव, साइबर अपराधों के प्रति सतर्कता, यातायात नियमों के पालन और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में शहपुरा थाना प्रभारी अनुराग जामदार उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी, ऑनलाइन ठगी और डेटा सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है। अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध कॉल पर भरोसा करने तथा अपनी गोपनीय जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। उन्होंने साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना देने की बात कही। थाना प्रभारी अनुराग जामदार ने सड़क सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने तथा वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यातायात नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना चाहिए।कार्यक्रम की अगली वक्ता उप निरीक्षक ताकेश्वरी मरकाम ने छात्राओं को शासन द्वारा संचालित 'अभिमन्यु अभियान' की जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, सामाजिक जागरूकता और महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी या असुरक्षा की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सी.एस. परस्ते ने की। कार्यक्रम प्रभारी सी.पी. भानुवंशी एवं कृष्ण कुमार मारवी रहे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश पटेल ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं रेड रिबन क्लब के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एस.बी. उरैती सहित रश्मि शुक्ला, डॉ. किरण सिंह, डॉ. अंजू त्रिपाठी, डॉ. स्मिता, डॉ. राकेश साहू, डॉ. आसफा, डॉ. अनीता अग्रवाल, डॉ. पारुल श्रीवास्तव, अभिषेक नागवंशी, पंकज झरिया, अजय श्रीवास्तव एवं महेंद्र सिंह सैयाम सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना तथा महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा।

आकांक्षी विकासखंडों की समीक्षा बैठक में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश



डिंडौरी।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत बजाग, करंजिया और मेहंदवानी विकासखंडों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय प्रभारी अधिकारी एवं क्षमता विकास आयोग, नई दिल्ली की निदेशक श्रीमती अंकिता सिंह ने की। इस दौरान तीनों विकासखंडों के 38 प्रमुख संकेतकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि, पशुपालन एवं डेयरी, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण विकास, बैंक, ग्रामीण आजीविका मिशन और बीएसएनएल सहित विभिन्न विभागों के कार्यों एवं संकेतकों की समीक्षा की गई। केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने के लिए विभागीय समन्वय, जनभागीदारी और नियमित निगरानी को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।श्रीमती अंकिता सिंह ने निर्देश दिए कि छह माह से छह वर्ष तक के सभी पात्र बच्चों को नियमित रूप से पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों का शत-प्रतिशत मापन सुनिश्चित करने और केंद्रों में कार्यशील शौचालय एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।पशुपालन एवं डेयरी विभाग को गोवंशीय पशुओं का खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायत, लोक स्वास्थ्य और पशुपालन विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर भी जोर ।बैठक में कम प्रगति वाले संकेतकों में सुधार के लिए किए जा रहे नवाचारों की सराहना की गई। पिछली तिमाही की तुलना में संकेतकों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए एनक्यूएएस, चिकित्सकों की पदस्थापना और रिवॉल्विंग फंड सहित अन्य प्रमुख संकेतकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए गए।महिला एवं बाल विकास विभाग को पात्र बच्चों के लिए पूरक पोषण आहार की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा शेष संकेतकों के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित समीक्षा और आपसी समन्वय के माध्यम से प्रगति में तेजी लाएं।बैठक में तीनों आकांक्षी विकासखंडों में विकास संबंधी संकेतकों की स्थिति बेहतर बनाने और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने संबंधित विभागों को शेष लक्ष्यों की पूर्ति के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांशु चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

करौंदी में श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन देवी जन्मोत्सव प्रसंग का हुआ वाचन



शहपुरा - नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर करौंदी के शिवशक्ति चौक चौगान में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ जारी है। कथा के चौथे दिवस देवी जन्मोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वाचन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिमय वातावरण में देवी मां की महिमा का श्रवण किया।धनुआसागर से पधारे पौराणिक कथावाचक पंडित शुकदेव द्विवेदी शास्त्री जी अपनी सुमधुर वाणी और प्रभावशाली शैली में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों तथा देवी मां के दिव्य चरित्रों का वर्णन कर रहे हैं। उनके मुखारविंद से कथा श्रवण कर श्रद्धालु भक्ति और आध्यात्मिक भाव से सराबोर हो रहे हैं। नवरात्रि के दौरान आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम से क्षेत्र में उत्साह और भक्तिमय माहौल बना हुआ है। कथा के चौथे दिवस आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में देवी मां की सजीव झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। एक नन्हीं बालिका को मां दुर्गा के स्वरूप में सजाया गया, जिसकी मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप में सजी बालिका को देखने के लिए लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। झांकी के माध्यम से देवी मां के स्वरूप की सुंदर प्रस्तुति की गई, जिसने धार्मिक आयोजन की रौनक बढ़ा दी।वहीं, ढोल और बैंड-बाजे की धुन पर ग्रामीण भक्ति और उल्लास में झूम उठे। ग्रामवासियों ने जमकर नृत्य किया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। देवी मां के जयकारों और ढोल-बैंड की गूंज से शिवशक्ति चौक चौगान का माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। धार्मिक आस्था के साथ ग्रामीणों का उमंग और उत्साह भी देखते ही बन रहा था।देवी जन्मोत्सव प्रसंग के वाचन के पश्चात कथा का विश्राम हुआ, जिसके बाद देवी मां की भव्य आरती की गई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती में सहभागिता कर देवी मां से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूरा कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन एक विशेष संयोग भी देखने को मिला। कथा का वाचन कर रहे पौराणिक कथावाचक पंडित शुकदेव द्विवेदी शास्त्री जी का जन्मदिन भी इसी दिन था। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने उनका जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। ग्रामीणों ने उनके प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट करते हुए इस अवसर को यादगार बनाया।धार्मिक कथा के साथ जन्मदिन का यह विशेष संयोग आयोजन में दोहरी खुशी लेकर आया। एक ओर श्रद्धालु देवी भागवत महापुराण के माध्यम से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामवासियों ने कथावाचक के जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाकर अपनी आत्मीयता व्यक्त की।करौंदी के शिवशक्ति चौक चौगान में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा नवरात्रि पर्व की आस्था, भक्ति और परंपरा को सजीव कर रही है। देवी जन्मोत्सव प्रसंग, मां दुर्गा की सजीव झांकी, ढोल-बैंड की धुन पर ग्रामीणों का नृत्य और कथावाचक का जन्मदिन—इन सभी ने चौथे दिवस के आयोजन को विशेष बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से धार्मिक आयोजन की भव्यता और उत्साह देखते ही बन रहा था।

सक्षम कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए बीएसी और जनशिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

डिंडौरी। सक्षम कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), डिंडौरी में विकासखंड डिंडौरी के विकासखंड अकादमिक समन्वयकों (बीएसी) एवं जनशिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और जनजातीय कार्य विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में विद्यालयों में जीवन कौशल शिक्षा को प्रभावी ढंग से संचालित करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।प्रशिक्षण के दौरान विद्यालयों में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के सत्र नियमित रूप से आयोजित करने और उनकी गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति, सत्रों की प्रभावशीलता तथा विद्यालयों के निरीक्षण और मॉनिटरिंग की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही कार्यक्रम के प्रमुख घटकों की जानकारी देते हुए विद्यालय स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का लक्ष्य

सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल, निर्णय लेने की क्षमता और नेतृत्व के गुण विकसित करना है। इसके साथ ही बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने तथा करियर से संबंधित समझ विकसित करने पर भी ध्यान दिया जाता है। प्रशिक्षण में इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विद्यालयों में प्रभावी गतिविधियां संचालित करने की आवश्यकता बताई । विद्यालयों में जीवन कौशल सत्रों को अधिक उपयोगी और प्रभावी बनाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य बीएसी एवं जनशिक्षकों को कार्यक्रम के क्रियान्वयन और निगरानी के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना रहा, ताकि विद्यार्थियों को इसका बेहतर लाभ मिल सके।प्रशिक्षण के आयोजन में सक्षम कार्यक्रम के जिला प्रबंधक महारन प्रताप सिंह परमार एवं विकासखंड प्रबंधक अमित शुक्ला का सहयोग रहा।



नरवाई जलाने पर लगेगा अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

वायु मंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र के लिए नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने के लिए जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जन सामान्य को बाधा, क्षति, मानव जीवन स्वास्थ्य, क्षेम के खतरे के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए खेत में खड़ी फसलों के डंठलों (नरवाई) एवं फसल अवशेषों में आग लगाए जाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

नरवाई जलाने पर लगेगा अर्थदंड

नरवाई में आग लगाने से भूमि में मौजूद माइक्रोब्ज की क्षति होती है। साथ ही यह पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनाएं घटित हुई हैं तथा व्यापक संपत्ति की हानि कारित हुई है। ग्रीष्म ऋतु में इससे जल संकट में बढ़ोत्तरी तो होती ही है, साथ ही कानून व्यवस्था के लिए भी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती है। मप्र शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत जारी अधिसूचना और प्रावधानों के अनुपालन के लिए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिसूचित किया गया है। मप्र में वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत नरवाई जलाना तत्समय से तत्काल प्रतिबंधित किया गया है, जो वर्तमान में निरंतर है। पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना अंतर्गत नरवाई में आग लगाने वालों के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। दो एकड़ तक के कृषकों को 2500 रुपये, दो से 5 एकड़ तक के कृषकों को 5 हजार रुपये और 5 एकड़ से बड़े कृषकों को 15 हजार रुपये पति घटना के आधार पर दंड का प्रावधान है।

खेती की घटती है उत्पादक क्षमता

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नरसिंहपुर ने अवगत कराया है कि जिले की राजस्व सीमा में फसल कटाई के पश्चात आगामी फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए बहुसंख्यक किसानों के द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर फसल कटाने के उपरांत भूमि में जड़ व डूढ (नरवाई) को नष्ट कर खेत साफ किया जाता है, जिससे व्यापक अग्नि दुर्घटनाएं होकर जन-धन की हानि होती है। इससे नरवाई में आग लगाने की प्रथा के नाम से भी जाना जाता है। इस पर जिला दंडाधिकारी श्रीमती सिंह ने उक्त प्रतिबंध आदेश जारी किया है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार नरवाई में आग लगाने से खेती की उत्पादक क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है तथा विभिन्न प्रकार की हानि भी होती है।

सुपर सीडर का करें उपयोग

किसान भाई सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, बेलर, मल्चर, रोटावेटर एवं अन्य उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग कर नरवाई का उचित प्रबंधन करें और उसे जलाने से बचें। फसल अवशेष प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए जिले में वर्तमान में एक हजार 185 सुपर सीडर, 26 बेलर, 225 स्ट्रॉ रीपर तथा 213 सीडरध्मल्चर मशीनें उपलब्ध हैं। इनकी उपलब्धता प्रदेश में सर्वाधिक बताई गई है। जिन किसानों के पास ये कृषि यंत्र उपलब्ध हैं, उनकी विकासखंड एवं ग्रामवार सूची प्रकाशित की गई है, ताकि नरवाई प्रबंधन के इच्छुक किसान संबंधित यंत्र संचालकों से संपर्क कर उनका उपयोग कर सकें। किसान सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे कृषि यंत्रों का उपयोग कर नरवाई जलाए बिना खेत की तैयारी और बुवाई का कार्य कर सकते हैं। सुपर सीडर से फसल अवशेषों का प्रबंधन करते हुए अगली फसल की बुवाई में भी सुविधा होती है। इसके अतिरिक्त बेलर की सहायता से नरवाई को गठ्ठरों में एकत्रित किया जा सकता है। भूसा बनाने वाली मशीनों से भूसा तैयार कर उसका उपयोग पशुओं के चारे के रूप में किया जा सकता है। नरवाई से पेलेट्स बनाने तथा बिजली उत्पादन जैसे कार्यों के लिए भी बेलर संचालकों से संपर्क किया जा सकता है। सुपर सीडर के लिए पोर्टल पर समय-समय पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

24,900 रूपए तथा 52 पत्तों के साथ 8 आरोपी गिरफ्तार जब्त

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। थाना करेली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए बंद ढाबे में जुआ खेल रहे 08 व्यक्तियों को पकड़ा। पुलिस द्वारा मौके से कुल 24,900 नगद एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किए गए। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कृष्णा होटल के पास स्थित एक बंद ढाबे में कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई, जहां जुआ खेलते हुए दो समूहों में कुल 08 व्यक्तियों को पकड़ा गया। आरोपी संदीप ठाकुर, पिता संजू ठाकुर, उम्र 26 वर्ष, निवासी राजेंद्र वार्ड, करेली, अमन ठाकुर, पिता महेश ठाकुर, उम्र 30 वर्ष, निवासी राजेंद्र वार्ड, करेली, शिवम ठाकुर, पिता राजू ठाकुर, उम्र 26 वर्ष, निवासी राजेंद्र वार्ड, करेली, अंश सोनी, पिता महेंद्र सोनी, उम्र 20 वर्ष, निवासी करेली बस्ती, थाना करेली, सतीश सोनी, पिता रामजी सोनी, उम्र 42 वर्ष, निवासी सिंधी कॉलोनी, करेली, अखिलेश, पिता पुसऊ ठाकुर, उम्र 40 वर्ष, निवासी महेंद्र वार्ड, करेली, अजीज खान, पिता शेख मानक खान, उम्र 45 वर्ष, निवासी महेंद्र वार्ड, करेली, कादर उर्फ कादिर, पिता नूर मोहम्मद मुसलमान, उम्र 41 वर्ष, निवासी महेंद्र वार्ड, करेली, थाना करेली को गिरफ्तार किया गया।



शिक्षक महेंद्र दत्त दुबे का निधन, अंत्येष्टि आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस नगर के बजरंग वार्ड निवासी शिक्षक महेंद्र दत्त दुबे का बीमारी के चलते निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गुरूवार 15 अक्टूबर को स्थानीय नकटुआ मुक्तिधाम में किया जावेगा।

खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर आरएफ टैग लगाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रदेश में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य शासन के खनिज साधन विभाग द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित मानव रहित ई-चेकगेट व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत खनिज परिवहन में संलग्न वाहनों की निगरानी के लिए वाहनों पर आरएफ टैग स्थापित करना अनिवार्य किया गया है। मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत संबंधित वाहन स्वामियों एवं परिवहनकर्ताओं को अपने वाहनों पर अनिवार्य रूप से आरएफ टैग लगवाने के निर्देश दिए गए हैं। आरएफ टैग क्रय करने के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान संबंधित वाहन स्वामी को स्वयं करना होगा। आरएफ टैग प्राप्त करने के लिए वाहन स्वामी ई-चेकगेट पोर्टल पर जाकर 'व्तकमत ज्ंह' विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद विकल्प के माध्यम से वाहन का विवरण दर्ज करें। बिलिंग संबंधी जानकारी भरने के बाद आरएफ टैग प्राप्त करने के लिए उपयुक्त का चयन करें। दर्ज किए गए विवरण की पुष्टि करने के पश्चात विकल्प पर जाकर निर्धारित शुल्क का भुगतान करें तथा ऑर्डर की अंतिम पुष्टि करें। प्रभारी अधिकारी खनिज नरसिंहपुर ने सभी संबंधित वाहन स्वामियों एवं परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया है कि वे खनिज परिवहन प्रारंभ होने की तिथि से एक माह के भीतर अपने वाहनों पर आरएफ टैग स्थापित कराना सुनिश्चित करें। स्थापित आरएफ टैग का उचित रखरखाव वाहन स्वामी की जिम्मेदारी होगी। आरएफ टैग क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में संबंधित वाहन से खनिज परिवहन प्रतिबंधित किए जाने तथा ई-चेकगेट पोर्टल पर वाहन का पंजीयन निरस्त किए जाने का प्रावधान है। खनिज विभाग ने सभी संबंधित वाहन स्वामियों एवं परिवहनकर्ताओं से अपील की है कि वे शासन के निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में अपने वाहनों पर आरएफ टैग स्थापित कराएं, ताकि खनिज परिवहन की निगरानी व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित हो सके।

नसबंदी फेल होने पर क्लेम फॉर्म भरने में आनाकानी, चक्कर काट रहा हितग्राही

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। सालीचैका स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी ऑपरेशन कराने के बाद भी एक महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया है। इस असफल नसबंदी के बाद जब पीड़िता के पति ने क्लेम फॉर्म भरने के लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क किया, तो उसे सिर्फ चक्कर लगवाए गए और फॉर्म भरने से इंकार कर दिया गया। परेशान होकर पीड़ित पति ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता टीकाराम अहिरवार की पत्नी शारदा अहिरवार ने 12 दिसंबर 2025 को सालीचैका स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी का ऑपरेशन कराया था। नसबंदी के बावजूद 23 जुलाई 2026 को उन्होंने एक पुत्री को जन्म दिया। जब टीकाराम असफल नसबंदी का क्लेम फॉर्म भरने के लिए संबंधित अधिकारी श्रीमती हेमलता वाणी से मिले, तो उन्होंने लगातार टालमटोल की। टीकाराम का आरोप है कि जब वह एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भारती के साथ फॉर्म भरवाने पहुंचे, तो मैडम ने यह कहकर मना कर दिया कि वह छुट्टी पर जा रही हैं।

विद्यार्थियों को दिया साइबर सुरक्षा का संदेश



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में साइबर सुरक्षा जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन तथा सेवा संकल्प अभियान के जिला नोडल अधिकारी विक्रम शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इन गतिविधियों में विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालयों में शिक्षकों ने विद्यार्थियों से संवाद कर साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। डिजिटल बोर्ड के माध्यम से भी ऑनलाइन सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। विद्यार्थियों को समझाया गया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतना आवश्यक है। अनजाने में की गई छोटी-सी लापरवाही भी साइबर ठगी का कारण बन सकती है। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्या श्रीमती गायत्री सोनी की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्रशिक्षक कु. राशि गुप्ता एवं प्रकाश विश्वकर्मा ने छात्राओं को साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा डिजिटल सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में देवेंद्र पटेल ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसापाला में प्राचार्य सी.एल. ठाकुर एवं विनोद ठाकुर ने ऑनलाइन सुरक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए सावधानी बरतने की समझाइश दी। वहीं, शासकीय हाई स्कूल खापा में शिक्षक प्रकाश दुबे ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। इसके अतिरिक्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराच, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर बड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झामर सहित जिले के अन्य शासकीय विद्यालयों में भी साइबर सुरक्षा जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। जागरूकता गतिविधियों के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना ओटीपी एवं पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें तथा संदिग्ध कॉल और संदेशों से सतर्क रहें। सोशल मीडिया पर निजी जानकारी, फोटो एवं अन्य संवेदनशील विवरण साझा करते समय भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई। विद्यार्थियों को इंटरनेट का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी साइबर धोखाधड़ी या संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की आशंका होने पर तत्काल अपने अभिभावकों एवं संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों को सूचित करने के लिए प्रेरित किया गया।

17 सौ फुट ऊंची पहाड़ी पर विराजी जगदंबा,नाव के सहारे दुर्गम रास्तों से जाकर होते हैं दर्शन



तेंदूखेड़ा शक्ति साधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।माता रानी की भक्ति में समूचा क्षेत्र संलग्न बना हुआ है।समीपी ग्राम उमाहे में स्थित पहाड़ी पर जो की धरातल से लगभग 1700 फुट ऊंची है। पर पिछले 27 सालों से चली आ रही परम्परा के अनुसार यहां पर दुर्गा प्रतिमा विराजमान की जाती है ।सबसे बड़ा सोचनीय और आश्चर्यजनक विषय तो यह है कि यहां पर अमृत सरोवर तालाब बन जाने से परम्परागत पगडंडी मार्ग बंद हो गया है ।और तालाब में पर्याप्त पानी होने के कारण लोग इस पहाड़ी पर अब नाव की सहायता से ही पहुंच पाते हैं। चूंकि उमाहा और आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से लोग भी तालाब में डली नाव के माध्यम से ही आना जाना कर रहे हैं। पहाड़ी पर स्थित प्रतिमा जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। दोपहर में महिला श्रद्धालु पहुंचकर देवी जस और रात्रि में पुरुष श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी की आरती में शामिल हो रहें हैं।

भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, महापुरुषों के जीवन एवं राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद नरसिंहपुर शाखा द्वारा भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की टीमों ने दूसरे चरण की मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कनिष्ठ एवं वरिष्ठ, दो वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर अपने ज्ञान और प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के परिणामों में कनिष्ठ वर्ग में चावरा विद्यापीठ तथा वरिष्ठ वर्ग में उत्कृष्ट विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजय हासिल की। इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व में सभी विद्यालयों में लिखित परीक्षा द्वारा जूनियर और सीनियर वर्ग में सर्वाधिक अंक पाने वाले दो दो विद्यार्थियों की टीमें बनाई गई। इसमें नेहरू, महारानी लक्ष्मी बाई, उत्कृष्ट, लॉरेल, सेंट मेरीज, चावरा, सरस्वती, चाणक्य स्कूल की टीमों ने भारत विकास परिषद शाखा नरसिंहपुर द्वारा चाणक्य विद्यापीठ में आयोजित भारत को जानो की क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। दोनों विजेता टीमें आगामी 31 अक्टूबर को सागर में आयोजित होने वाली प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता में नरसिंहपुर शाखा का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता का सफल संचालन इंजी. सुनील कोठारी एवं आशुतोष वर्मा ने किया।

तीन रुपों में दर्शन देती है मां हरसिद्धी, जल चढ़ाने श्रद्धालुओं का लगा तांता



तेंदूखेड़ा- शक्ति साधना का महापर्व शारदीय नवरात्र संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। श्रद्धालु जन अपनी अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की भक्ति में लीन बनें हुए हैं। कोई नंगे पैर तो कोई मौन धारण कर व्रत रखकर माताराणी की साधना कर रहे है। वहीं क्षेत्र का सबसे प्राचीन सिद्ध हरसिद्धि मंदिर में सुबह चार बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां हरसिद्धि को जल चढ़ाने के लिए कतार वद्ध हो जाते हैं। शाम के समय भी आरती में दर्शनार्थियों की भीड़ एकत्रित हो जाती है। जनास्था के केंद्र बनें इस मंदिर में विराजमान मां हरसिद्धि देवी दिन में अपने तीन रुपों में दर्शन दिया करती हैं प्रातःकाल बाल दोपहर में युवा और शाम को वृद्ध स्वरुप में दर्शन होते है। उनके हिसाब से ही चेहरा स्पष्ट झलकता है। वैसे तो प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं लेकिन चेत्रीय और शारदीय नवरात्र में मां हरसिद्धि देवी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में सपरिवार पहुंचा करते हैं। सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूर्ण होने के कारण लोगों की आस्था बनी हुई है। तथा नवरात्रि में पूजन के लिए श्रंद्धालुजन दूर दूर से यहां आकर पूजन अर्चन किया करते है मंदिर के इतिहास के बारे में पुराने लोग बताते हैं कि यह मंदिर लगभग 150 वर्ष पुराना है। किसी विश्वकर्मा श्रद्धालु द्धारा इसे बनवाया था। सागर जिले की रानगिर और इस मंदिर में विराजमान हरसिद्धि देवी एक स्वरुप में है। नगर के बाहर घने जंगल के बीच इस मंदिर को बनाया था। अधिक जंगल होने के कारण जंगली जानवरों का भी यहां पर डेरा बना रहता



था। बाजू से बहने वाली नदी में वर्ष भर पानी रहने के कारण पानी पीने मंदिर के इर्द गिर्द जानवर घूमते नजर आते थे। घनघोरता और जानवरों के भय से लोग अकेले नहीं आ पाते थे। लेकिन शनै शनै कटते जंगलों के कारण जहां जानवर भी भाग निकले वहीं अब मंदिर परिसर ने विशाल स्वरुप धारण कर लिया है श्रद्धालु जनों के सहयोग से विशाल मंदिर बन गया है।

अखंड ज्योति एवं जबारे कलश की स्थापना

वैसे तो वर्ष भर तरह-तरह के अनुष्ठान पूजन कार्यक्रम यहां पर चलते रहते हैं लेकिन नवरात्रि में विशेष साधना मंदिर परिसर में संपन्न हुआ करती हैं। अखंड ज्योति के साथ दुर्गा पाठ परिसर में जवारे कलश तथा दुर्गा प्रतिमा भी विराजमान की जाती है। मंदिर की विशेष साज-सज्जा भी की गई है। यह मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 भोपाल जबलपुर सड़क मार्ग के बीचों-बीच तेंदूखेड़ा में स्थित है। मंदिर के रसिक पुजारी ने बताया कि काफी लंबे समय से यहां पर पूजन करते चले आ रहे हैं। प्रात काल जल चढ़ाने वालों की लंबी लंबी कतारें लगा करती है । रात्रि में आरती और दर्शन के लिए श्रंद्धालुजन आते हैं। पंचमी तिथि पर देवी गीतों का आयोजन हुआ करता है तथा दोपहर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन होते हैं। तथा निर्माण समिति प्रमुख मुकेश बाजपेई बताते हैं कि यह मंदिर जनास्था का केंद्र बना हुआ है जनसहयोग से ही विशाल भव्य मंदिर का स्वरुप धारण कर पाया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी समय-समय पर बड़ी राशि देकर यहां पर निर्माण में अपना योगदान दिया है।

दुर्गोत्सव की धूम



तेंदूखेड़ा। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में शक्ति का साधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। दुर्गोत्सव अपने पूरे शबाब पर पहुंच गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी की पूजन अर्चन में संलग्न बनें हुए हैं।समीपी ग्राम खैरी में मां बीजासेन दुर्गोत्सव समिति द्वारा विराजित मां भगवती की प्रतिमा जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। वहीं रात्रि के समय संगीतमय आरतियों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता उपस्थित हो रहे हैं।पं दीपक शुक्ला द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चन किया जा रहा है। ग्राम के सरपंच श्रीमती सुनीता रेवाराम सिलावट तथा समीति अध्यक्ष रामदर्शन पटेल द्वारा क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।